संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर- 302018, दूरभाष नं. 0141-2722520

क्रमांकः प.14 (130)RSSB/अर्थना/खान. भू. विज्ञान/भर्ती/2024/ दिनांकः 11.12.2024

सर्वेयर एवं खनि कार्यदेशक (श्रेणी- द्वितीय) सीधी भर्ती-2024

बोर्ड द्वारा खान एवं भू-विज्ञान विभाग के लिये राजस्थान खान एवं भू-विज्ञान अधीनस्थ सेवा नियम- 1960 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र मे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा योग्य अभ्यर्थियों से विज्ञापन में वर्णित शर्तों एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते हैं:

विभाग का नाम	पद का नाम	गैर अनुसूचित क्षेत्र	अनुसूचित क्षेत्र	कुल योग	आयु (दिनांक 01.01.2026)	वेतनमान
खान एवं भू-विज्ञान विभाग	सर्वेयर	25	05	30	न्यूनतम 20 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम।	पे-मैट्रिक्स लेवल L-10
	खनि कार्यदेशक श्रेणी- द्वितीय	37	05	42		
	कुल पद	62	10	72		

शैक्षणिक योग्यताः

(i) सर्वेयर के पद हेतु-

(i) भारत में विधि द्वारा संस्थापित किसी मान्यता प्राप्त पोलीटेक्निक संस्थान से माईनिंग या सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा।

(ii) देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान ।

(ii) खनि कार्यदेशक (श्रेणी - द्वितीय) के पद हेतु

(i) भारत में विधि द्वारा संस्थापित किसी मान्यता प्राप्त पोलीटेक्निक संस्थान से माईनिंग इंजीनियरिंग में डिप्लोमा अथवा भू-विज्ञान विषय सहित बी.एस.सी. के साथ एक वर्ष का मेपिंग एवं सर्वे का फील्ड अनुभव।

(ii) देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

आवेदन करने की अवधिः ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्क दिनांक 18.12.2024 से दिनांक 16.01.2025 को रात्रि 23.59 बजे तक भरे जा सकेंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

परीक्षा आयोजनः सर्वेयर एवं खनि कार्यदेशक श्रेणी - द्वितीय के उक्त पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा संभावित दिनांक 23.02.2025 को बोर्ड द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)/ टेबलेट आधारित परीक्षा (TBT)/ ऑफलाईन (ओ.एम.आर.) आधारित परीक्षा आयोजित करवाई जानी प्रस्तावित है। परीक्षा के संबंध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जायेगी। बोर्ड के पास परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

अन्य बिन्दु व सूचनाः पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर अलग से जारी किया जाएगा।

इस परीक्षा के संबंध में समय- समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/ सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141-2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है । समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर - 302018 को सम्बोधित किया जावें।

(डॉ. बी. सी. बधाल)

सचिव

DIPR/C/12799/2024